डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष 12-2083 | भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 22 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

वरिष्ठ पेंशनरों को कैशलेस इलाज उपलब्ध कराए सरकार

भोपाल। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर वरिष्ठ पेंशनरों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना तीव्र लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन के संरक्षक गंगेय दत्त जोशी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगे इलाज, दवाइयांए, डायग्नोस्टिक और सर्जरी पर खर्च उठाने में कठिनाई हो रही है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य सीजीएचएस के तहत कैशलेस सुविधाएं देने के लिए कार्यकारी आदेश जारी करने का अनुरोध किया है।

नशे के खिलाफ आज रवाना होंगे 146 पुलिस राइडर्स

भोपाल। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के लिए 22 अक्टूबर को भोपाल से पुलिस की राष्ट्रव्यापी मोटरसाइकिल रैली रवाना होगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सुबह 10 बजे लाल परेड ग्राउंड से रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें 14 राज्यों के 146 पुलिस राइडर्स शामिल होंगे। रैली का समापन स्वाइट अमेस्ट इम्फाल में होगा। राइडर्स 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर पहुंचकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देंगे।

करंट से झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत

भोपाल। सांकिक थाना क्षेत्र के लालू बरखेड़ा में करंट से झुलसे 13 वर्षीय कृष्णा की गुजरात गांधीनगर इलाज के दौरान मौत हो गई। वह कक्षा सातवीं का छात्र था। शनिवार 6 अक्टूबर को घर में हुआ था। जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए थे। पुलिस के अनुसार, किशोर को उपचार जारी था। गुरुवार को परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद ही स्पष्ट होगा कि यह किन परिस्थितियों में करंट की चपेट में आया था।

पिटाई का बदला लेने यूट्यूबर पर किया हमला

भोपाल। सोशल मीडिया पर शादी समारोह में डांस के दौरान हुए विवाद के बाद दो युवकों ने एक यूट्यूबर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने से पूछ अपने साथ की पिटाई का लेकर गुस्सा में थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, अयोध्यापुरम, पुराना कब्रिस्तान निवासी आकाश पर्वत पाल सेन (35) पेशे से यूट्यूबर है। मंगलवार रात वह पैरागॉन सिटी मॉल में गया था। वहां करीब दो बजे पैसल डांस हो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद आरोपी मोहम्मद अरबाज और अकिल खान ने उसे रोका और विवाद हो गया। आरोपियों ने यूट्यूबर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

सांदीपनि के 400 नए भवन बनेंगे, स्कूल शिक्षा विभाग में 20 हजार पदों पर होगी भर्ती

सीएम डॉ. यादव ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में की घोषणा, 954 कर्मचारियों को मिले नियुक्ति पत्र,



सीएम डॉ. यादव ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में की घोषणा, 954 कर्मचारियों को मिले नियुक्ति पत्र शेष 300 प्रकरण इसी साल होंगे निराकृत

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में जिला व्यवस्था के विस्तार और सुशासन को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। कुशाभाऊ ठाकरे भोपाल के स्वर्गीय भवन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों के 400 नए भवन बनाए जाएंगे। इनमें खगोलशास्त्र जैसे विषयों के अतिरिक्त 200 और स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 200 मंत्री का निर्माण किया जाएगा। इसी साल ही स्कूल शिक्षा विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती शुरू करने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए सुशासन और सुशासन के लिए व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास की जानकारी हो तो विकास की गति तेज होती है। इसलिए जिला व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में सुशासन के लिए व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में सुशासन के लिए व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित 954 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि शेष 300 प्रकरणों का निराकरण इसी वर्ष किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग स्तरीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु उपखण्ड अधिकारी, सहायक कलेक्टर, पुलिस उपअधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार, सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य पदों पर चयनित 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 मानव संपदा के कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र परिवारों को राहत देने के लिए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अनुकंपा नियुक्ति को दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों के लिए आशीर्वाद के समान बताया।

20 हजार पदों पर भर्ती की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अब तक 80 हजार से अधिक शासकीय पदों पर युवाओं को नौकरी दे चुकी है। इनमें स्कूल शिक्षा विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि युवाओं को रोजगार के लिए उधार लेकर 41 करोड़ और विभागों में रिक्त पदों को भरा है।

हर साल पदोन्नति के लिए होगी डीपीसी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक अतिथि-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। इससे विभिन्न विभागों में 262 मानव संपदा के कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र परिवारों को राहत देने के लिए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अनुकंपा नियुक्ति को दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों के लिए आशीर्वाद के समान बताया।

661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति

स्कूल शिक्षा विभाग के राहत अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले 954 कर्मचारियों में 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 मानव संपदा के कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र परिवारों को राहत देने के लिए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अनुकंपा नियुक्ति को दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों के लिए आशीर्वाद के समान बताया।

जबलपुर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए 10 से ज्यादा लोग, 3 की मौत



डीआर संवाददाता॥ जबलपुर

जिले के मझौली थाना क्षेत्र में शुभारंभ पैर रात प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 10 से अधिक लोग झुलस गए। इनमें तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रात करीब 1 बजे हुआ।

जानकारी के मुताबिक, विदित लाइन पार्क में प्रतिमा को भगैली तालाब में विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। प्रतिमा के साथ 50 से अधिक लोग मौजूद थे। इसी दौरान 440 वोल्ट के तार को ऊपर उठाया गया, जो हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट फैलने के बाद तार टूटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिर गया, जिसमें कई लोग इसकी चपेट में आ गए।

हादसे में विकास राजपूत (22) और हिंस पोद्दार (23) की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे युवक ने गुरुवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया

घटना में मनोज राजपूत, विजयी रैकवार, मनीष पटवा और आयुष रैकवार समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें पहले सहोरी सामुदायिक केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूर्वी श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक्सट्रेम की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में देरी का आरोप

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सामुदायिक केंद्र में डॉक्टर और स्टाफ समय पर मौजूद नहीं थे। उनके अनुसार, डॉक्टर करीब आधे घंटे बाद पहुंचे। लोगों का यह भी कहना है कि जिससे दो तार नीचे लटकने की शिकायत पहले अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन समय रहते सुधार नहीं हुआ। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पेंशनर्स को कैशलेस इलाज का इंतजार, सीएम को लिखा पत्र

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मध्यप्रदेश के वृद्धजन पेंशनरों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की मांग तेज हो गई है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव और संभागीय मिशनों के अधिकारियों को पत्र लिखकर योजना शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सक्सेना ने कहा कि जीवनभर प्रदेश की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी बुढ़ापे में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। सीमित पेंशन में इलाज होना मुश्किल हो रहा है। अनेक वृद्धों को समय पर दवाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। कई पेंशनर्स को कर्ज लेने और संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती है।एसोसिएशन के संरक्षक गंगेय दत्त जोशी ने कहा कि बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार का दायित्व है। योजना क्रियान्वयन सुनिश्चित होने पर ही आर्थिक अनाम में किसी पेंशनर का इलाज नहीं रुकना चाहिए। एसोसिएशन ने सरकार से कैशलेस मेडिकल पॉलिसी पर जल्द संवादात्मक निर्णय लेने की अपील की है।



इवव देग, बिंदनी की बीमारी, निवेदिता जोश, महनी ब्लाइंडर्स

तेम्रवाल अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन सराफ अपर आयुक्त ननि भोपाल बने

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राज्य शासन ने तीन आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। शासन की ओर से आदेश के अनुसार दो आईएएस अधिकारियों के प्रभार में अदलबदली की है। अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल अमन कुमार वैश्वाल को अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार सराफ को अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में संयुक्त संचालक भोपाल



सुमित मेहरा, अभिषेक सराफ, अरुण तेम्रवाल

सुमित कुमार पहरिया को वृहद कार्यपालन अधिकारी लार्ज डिवी भोपाल और अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल (प्रशासनिक प्रभार) पदस्थ किया गया है। अधिकारिक जानकारी के मुताबिक सरकार ने तीन दिन पहले 2016 बैच के आईएएस सराफ का तबादला करते हुए उन्हें अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल पदस्थ किया है। वहीं वे ही 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं बताया है कि सीएमओ को नगर निगम से मनरीय प्रशासन एवं विकास पोस्ट दिया गया है।

सरकारी खजाने पर सेंध, नौ साल में 60.60 लाख का फर्जी भुगतान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

डिंडोरी के स्वास्थ्य विभाग में सरकारी राशि के भुगतान में गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर के करीब 60.60 लाख रुपए के कथित गबन के मामले में दो पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) दो जिला स्वास्थ्य अधिकारियों (डीएचओ) समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच एजेंसी के मुताबिक, अप्रैल 2016 से दिसंबर 2025 के बीच एरियर, भत्तों और वेतदों के भुगतान में कथित अनियमितताएं की गई। जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है उनमें पूर्व सीएमएचओ आर. के. मेहरा और रमेश मरावी, पूर्व डीएचओ डालदेव सिंह मलावी और भरत सिंह टेकाम, लेखपाल ग्रेड-3 गुलाब प्रसाद राहु तथा सुरजबाईजर प्रकाश परस्ते शामिल हैं।

जांच में सामने आया कि संबंधित अवधि में ही अधिकारी–कर्मचारी एवं सीएमएचओ कार्यालय की लेखा शाखा में भुगतान अदेयता से जुड़ी अलग–अलग डिस्क्रीपेंसियां सामने आई थीं। जांच एजेंसी ने जेसा शाखा के प्रभारी रहे सहायक ग्रेड–3 गुलाब प्रसाद राहु पर जुलाई 2024 में चार्टर्ड डी एरियर सैलरी का अधिक दुरुपयोग कर अपने स्तर पर 4.75 लाख रुपए का भुगतान कराने का आरोप भी लगाया है। वेंडरों को दिए गए भुगतान में भी वीसलय ऑपरेशन्स प्राइवेट लिमिटेड का 30.213 करोड़ रुपये का आंशिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया।

यह डीपी कंपनी करने में भारत का अब तक का सबसे तेज आईपीओ बन गया है। खबर लिखे जाने तक इसकी बोलियां 67,000 करोड़ रुपये के पार कर गईं, जो पेशकश किए गए शेयरों की 304 गुना तक दिखाती हैं। बड़े निवेशकों ने 9 गुना और आम लोगों ने गुना 071 सब्सक्राइब किया है।

यह उपलब्धि गारतीय सार्वजनिक पेशकशों में निवेशकों मांग के लिए नए मानदंड स्थापित करती है। साधारना निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अगली पंक्ति। योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित हिस्सा 9 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें 4.80 करोड़ शेयरों के मुकाबले 34.77 करोड़ शेयरों की बोलियां मिलीं। (शेष पेज 8 पर)

जियो के आईपीओ ने पहले ही दिन 100 मिनट में रचा इतिहास

30 हजार करोड़ रुपए के इश्यू के लिए अब तक 67 हजार करोड़ रुपए की लग चुकी है बोली

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



तेज बारिश, २१ जिलों में अलर्ट जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। बुधवार शाम सीहोर, इंदौर और शाजापुर समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। शाजापुर के अकोदिया में करीब 20 मिनट, जबकि गुलाना, धोलाई और डिगावुर क्षेत्र में 40 मिनट तक बारिश हुई। सीहोर के ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश से फसलें खेत गया।

विदिशा में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, धार, खरगोन, खंडवा, बैतूल और छिंदवाड़ा सहित अन्य जिले शामिल हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

दशहरे पर 15 जिलों में हुई बारिश

मंगलवार को विजयादशमी पर प्रदेश के 15 जिलों में अच्छी और भारी बारिश हुई। उज्जैन जिले के गोपालपुरा में सबसे ज्यादा सवा इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि खंडवा में एक इंच पानी गिरा। बारिश से कुछ जगह सड़कों को पुराने पीक गए और दशन प्रभावित हुआ। वर्ष 2022 के बाद इस बार दशहरे पर बारिश हुई है। यहीं, उमरवाड़ी में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया

मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा शहादत पर मिलने वाली एक करोड़ की सहायता राशि का बदला वितरण फॉर्मूला

शहीद पुलिसकर्मियों की पत्नी को 50 लाख अब माता-पिता को भी मिलेंगे पचास लाख

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों के परिजनों को दी जाने वाली एक करोड़ रुपए की सहायता राशि के वितरण में बड़ा बदलाव किया है। अब शहीद 'पति' सम्मान की पत्नी को 50 लाख और बुजुर्ग माता-पिता को 50 लाख रुपए दिए जाएंगे। सीएम डॉ मोहन यादव ने घोषणा की है।

घरेलू मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस समारोह में यह महत्वपूर्ण घोषणा की। सरकार के इस फैसले से शहीदों के माता-पिता को भी आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, समर्पण और त्याग का संकल्प है। प्रदेश की सुरक्षा के लिए पुलिस जवान कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपने प्राणों की आहुति भी देते हैं। शहीदों के परिवारों की देखभाल करना सरकार की जिम्मेदारी है। सहायता राशि के वितरण में बदलाव इसी भावना के तहत किया गया है।

एक साल में नौ पुलिसकर्मी शहीद: डीजीपी के अनुसार 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच प्रदेश पुलिस के नौ अधिकारी-कर्मचारी कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए। सरकार ने उनके परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति भी दी है।

35 साल पुराने नक्सलवाद से बाहर आया मध्यप्रदेश

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश के 35 साल पुराने नक्सलवाद के दंश से बाहर आना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों की तारीफ की। सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। इसके तहत पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि शहीदों के परिजनों को सम्मान और सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा भी मिलनी चाहिए। इसी उद्देश्य से शहीद परिवारों के बच्चों की शिक्षा, रोजगार और आवास से जुड़ी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

दुरंतो एक्सप्रेस में यात्री से मारपीट,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

दिल्ली सराय रोहिल्ला से सतारा जा रही दुरंतो एक्सप्रेस में मंगलवार शाम रानी कमलापति स्टेशन पर पैंट्री कैडर द्वारा खाने से मारपीट का मामला सामने आया है। बेंगलुरु निवासी 22 वर्षीय अरमान खान पुत्र होने के लिए कोच से उतर रहा था। इसी दौरान ट्रेन ने सामान बढ़ा रहे पैंट्रकर्मी के कारण चलना बंद होने पर उसका विवाद हो गया। आरोप है कि करीब आधा दर्जन लोगों ने उसे कोच से नीचे उतारकर पीटा। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

पीड़ित ने आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। थाना स्थानांतरित होने के बाद रानी कमलापति जीआरपी में प्रकरण दर्ज किया गया।



जीआरपी थाना प्रभारी अंजित शर्मा के मुताबिक, आहत पैंट्रकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना से प्रीमियम ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, वारदात के समय आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अधिकारियों की गैरमौजूदगी

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंद्रा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन गुरुवार, दिनांक 22 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना से मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

सीहोर। जिला अल्पावधारी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में 10 हजार से 1 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष होनी चाहिए तथा वह आयकरदाता नहीं होना चाहिए। पात्र हितग्राही सारस सभापंडित पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

जावर में 23 अक्टूबर को लगेगा जन विश्वास अभियान शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा विकासखंड के जावर में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में हितधारकों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देने के साथ लंबित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर बालाजुरु ने ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करने और जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने को कहा।

चार माह के बच्चे के कटे होंठ और तालू का सफल ऑपरेशन

सीहोर। जिला चिकित्सालय सीहोर में 4 माह के बच्चे के जन्मजात कटे होंठ और तालू की समस्या का निशुल्क सफल ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के बाद बच्चा स्वस्थ है। यह कार्य मैत्रीमुस्कान की सुप्रीत कुमार उईसिया, आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. अंकित और डीईआईसी टीएल. शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

32 ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र आयोजित

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत निर्धारित वर्ष 32 सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में स्वस्थ शिशुओं में एक वर्ष तक के 208 बच्चों और एक वर्ष से अधिक आयु के 65 बच्चों का टीकाकरण किया। साथ ही 18 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों डॉ. सुधीर कुमार बेलिया ने मैत्री स्वास्थ्य क्लब को ग्राम स्तर पर हाई-हीमोग्लोबिन पुष्टिकारक पूरक पोषण आहार वितरण करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक परामर्श देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

धरना हरदा-भोपाल बस को रास्ते में रोककर हंगामा, चालक-परिचालक से मारपीट और तोड़फोड़ के आरोप

करीब आधे घंटे तक रुका रहा बस का सफर, परिचालक के 12 हजार रुपए छीनने की शिकायतय पुलिस ने दर्ज किया मामला

डीआर संवाददाता>>रेहटी

हरदा से भोपाल जा रही यात्रियों से भरी बस को बीच रास्ते रोककर हंगामा करने का मामला सामने आया है। सीहोर जिले के रेहटी क्षेत्र में बीरी गांव के काला गेट के पास कुछ अज्ञात युवक हरदा डिपो के चालक-परिचालक के साथ मारपीट किए जाने के आरोप लगे हैं। परिचालक के पास रखे हिसाब के करीब 12 हजार रुपए छीनने की शिकायत भी की गई है। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और उनके बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चालक की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, डिपो बस सर्विस की बाजी बस बुधवार सुबह हरदा से यात्रियों को लेकर भोपाल के लिए रवाना हुई थी। सुबह करीब 10 बजे बस रेहटी क्षेत्र के बीरी गांव स्थित काला गेट के पास पहुंची। इसी दौरान कुछ लोगों ने बस को रोक लिया। बताया जा रहा है कि चालक और कंडीनी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट तथा तोड़फोड़ के आरोप सामने आए। यात्रीगणमल्ल पर सवार 20 से 25 लोगों ने भी जुट होने की बात कही जा रही है। इसीलिए, पिसाल की अगल जगह और इसमें शामिल लोगों की संख्या की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।





आधे घंटे तक रास्ते में रुकी रही बस

विवाद के बाद करीब आधे घंटे तक बस को रोके रखा गया। इस दौरान यात्री परेशान होते रहे। सूचना मिलने पर रेहटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद बस को आगे रवाना किया गया। घटना के कारण बस में सवार यात्रियों को करीब एक घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

रेहटी थाना प्रभारी हेमेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। परिचालक की शिकायत के आधार पर कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, लूट और बलवा का मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज और मौके पर मौजूद अन्य यात्रियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिचालक के 12 हजार रुपए छीनने का आरोप

पक्षों में परिचालक के पास रखे हिसाब के लगभग 12 हजार रुपए छीनने की शिकायत की गई है। इसके अलावा बस को नुकसान पहुंचाने के आरोप भी सामने आए हैं। हिसाबतार, स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और संभावित लोगों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सलकनपुर से चोरी बोलेरो बरामदए एक आरोपी गिरफ्तार



डीआर संवाददाता>>सीहोर

सलकनपुर के टैक्सी स्टैंड के पास से चोरी हुई बोलेरो के मामले में रेहटी पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 6 लाख रुपए कीमत की चोरी गई बोलेरो बरामद कर जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार एसडीपी निर्देश सिंह राजपूत एसडीओपी रेहटी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमेन्द्र पटेल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सलकनपुर से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू उर्फ सोनी पिता स्व. रामदास उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सलकनपुर बताया है। उसने पूछताछ में चोरी की वारदात को स्वीकार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी चोरी के मामले दर्ज हैं। उसके कब्जे से चोरी गई बोलेरो के अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक सीहोर सौम्या सक्सेना के निर्देशन में चोरी की वाहनों की तलाश में टीम गठित की गई है। गुरुवार को सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी निर्देश सिंह राजपूत ग्राम सलकनपुर निवासी दीपकवेड़ीए जिला सीहोर ने 16 अक्टूबर 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात सलकनपुर टैक्सी स्टैंड के पास से उसकी बोलेरो चोरी हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 580/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक सौम्या सक्सेना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एएसपी/एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमेन्द्र पटेल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर करीब 132 दिवंगत गयपुरए जिला रायसेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबिकए आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद वाहन बरामद किया गया। लार्यवाई में थाना अन्वेषक उपरोक्त गौतम सहित आरक्षक अभिषेक यादवए योगेश कटारेए पुष्पेन्द्र और विकास नागर की भूमिका रही।

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में अपनों से मिले दर्द की सुनवाई

डीआर संवाददाता>>रेहटी



बुजुर्गों से अपनों के व्यवहार से परेशान बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में कई मामले सामने आए। सबसे गंभीर विवाद में बेटे पर पिता से मारपीट और पानी गलेरा के आरोप लगे, जो सभी बुजुर्ग पंच साल से किराया नहीं मिलने और मकान खाली नहीं होने से परेशान मिले।

शासीन क्षेत्र के एक बुजुर्ग ने शिकायत की कि जमीन के विवाद में उनका बेटा दुर्व्यवहार करता है। पंचायत में समझाइश के बाद बेटे ने पिता के पैर छूकर माफी मांगी और भविष्य में परेशान नहीं करने का भरोसा दिया। पिता ने भी उसे पहले लाकर आशीर्वाद दिया।

एक अन्य बुजुर्ग ने बताया कि किरायेदार पांच साल से किराया नहीं दे रहा और मकान भी खाली नहीं कर रहा। पंचायत ने उसे अवार देने के लिए तीन दिन का समय दिया। इसकार क्षेत्र के बुजुर्गों की लम्बर पंचायत नहीं मिलने को लेकर पंच पर भी लम्बोदर व्यक्ति को तीन दिन में समाधान उसने की हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक सौम्यी सक्सेना के निर्देश पर आयोजित पुलिस अधिकारी डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में पंचायत आयोजित हुई।

शाम के समय क्षेत्र में मावट की तेज बारिश से मिली राहत, दो दिन और बारिश के आसार

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर



श्यामपुर तहसील मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की शाम हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिले। लगभग डेढ़ घंटे की बारिश से किसानों को आर्थिक लाभ मिलने के साथ रबी फसलों को भी संजीवन मिलेगी। अन्नदूत के दूसरे दिन भी मौसम के अनुकूल बने रहने के कारण किसान के बीच खुशहाल की लहर देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को श्यामपुर में 7 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले तीन दिनों से चल रहे तापमान में लगातार गिरावट का रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री, मंगलवार को 20 डिग्री और बुधवार को 19.5 डिग्री रहा। हालांकि, दिन का तापमान 33.5 डिग्री पर बना हुआ है।

पिछले साल 21 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री रेकॉर्डतापमान दर्ज हुआ था। इस बार रात में अपेक्षित ठंडक अब तक नहीं पड़ी है।

आष्टा कार्यालय स्थित शासीन कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पश्चिमी तूफान प्रभाव के अभाव से बारिश हो रही है। 23 अक्टूबर तक बारिश के आसार हैं। उन्होंने बताया कि मावठा रबी सीजन की फसलों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है।

मंडी क्षेत्र में 50 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर के मंडी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 22 और 23 के रहवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा 50 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनु राठौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। वार्ड 22 की हंडिया कॉलोनी में 30 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड बनाई जाएगी। सड़क मुकीम और के घर से रामनारायण तिवारी जी और विशाल यादौर के घर होते हुए रुकेश के घर से सेतु के घर तक बनाई जाएगी। इसके अलावा मुकीम जी घर से धन्नि से घर तक भी रोड़क निर्माण होगा।

वहीं वार्ड 23 में 20 लाख रुपये की लागत से संबल डिलक्स सीमी की दुकान से अशोक भाई के घर तक सीमी रोड का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका अध्यक्ष विनु राठौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में चरणबद्ध सुविधाए उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूरा करने का प्रयास लेना जारूरी।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विनिता लालवानी पार्षद राजेश माहोर, कार्यालय प्रभारी कार्यालय सुखलालपुर, प्रदीप सोनी सहित वार्ड 22 एवं 23 के जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

श्यामपुर में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग, छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर



तहसील में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग को लेकर सुवारा को लेन और लोक ने विद्यार्थियों ने विरोध जताया। छात्रों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जल्द सरकारी कॉलेज शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सरकारी कॉलेज नहीं होने से विद्यार्थियों को पास डिग्री के लिए सीहोर या अन्य दूरदराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। छात्रों के अनुसार, लंबी दूरी और आर्थिक परेशानियों के कारण गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को पढ़ाई छोड़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई विद्यार्थियों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। छात्रों ने उठ रही मांग पर जनप्रतिनिधियों से बताया कि श्यामपुर में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने तहसीलदार से मांग की कि क्षमता सरकार और उच्च शिक्षा विभाग तक पहुंचाया जाए, ताकि कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सके। छात्रों ने चेतावनी दी कि मांग पर ठोस निर्णय नहीं होने पर एसडीएम आंदोलन करेंगे।

स्मृति कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, एसपी सहित अनेक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की

डीआर संवाददाता>>सीहोर

पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार अग्रवाल, कलेक्टर श्री बालाजुरु एस., द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री महेश दर्मा, जिला रजिस्ट्रार श्री अरविंद सिंह, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे सहित अनेक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सीहोर, सौम्यावी सक्सेना ने पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 67 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र हॉट स्प्रिंग में 16,000 फीट की ऊंचाई पर तैनात सीआरपी एक वी एक गश्ती टुकड़ी पर चीनी सेना ने घात लगाकर हमला किया था। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे जवानों ने अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय देते हुए चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया और अंतिम सांस तक अपनी पोस्ट नहीं छोड़ी। मातृभूमि की रक्षा में वीरगति एक 10 शूरवीर जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हीं अमर बलिदानियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को देश भर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

पुलिस अधीक्षक सीहोर सौम्यावी सक्सेना ने विगत एक वर्ष (1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक) की अवधि में संपूर्ण पाखंडपर्व में कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए राज्य पुलिस बल, केंद्रीय पुलिस बल एवं अन्य पुलिस संगठनों के 154 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का उच्चारण कर उन्हें नमन किया। इन अमर बलिदानियों में मध्यप्रदेश पुलिस के 09 वीर जवान भी शामिल हैं।

स्मृति दिवस परेड की कमान सूबेदार अजय सिंह एवं पीसी गणेश सिंह डाभोर द्वारा संभाली गई। परेड में शामिल पाखंडों द्वारा शोक शस्त्र की कार्यवाही करते हुए अमर शहीदों को सलामी दी गई तथा उपस्थित सभी जनों ने मौन रखकर वीरगति प्राप्त जवानों को स्मरण किया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीलमणि लढिया, एसडीओपी प्रेम नारायण पोयल, डीएसपी प्रवीण वढोकर, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव सहित अनेक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

खेत पर हुई किसान की हत्या का पुलिस को सुराग मिले

डीआर संवाददाता>>गैलंदा

ग्राम डिमावर में खेत पर 42 वर्षीय किसान रजनेश यादुवंशी पिता भूप सिंह की दिनदहाड़े हत्या के 13 दिन बाद भी पुलिस वारदात की सुलझी नहीं सुलझा सकी है। हत्या की वजह और आरोपियों की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस गांव और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है।

संजोग घटना वाले दिन अपने खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उनकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। तब से पुलिस वारदात से जुड़े तथ्यों और संभावित सुरागों को जोड़कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि, अब तक किसी संदिग्ध को गिरफ्त या हत्या के पीछे की वजह को लेकर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। रंजेश, आपसी विवाद या अन्य किसी कारण से हत्या किए जाने की भी पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। टीमें बनाई गई हैं जो विभिन्न दिशाओं में पड़ताल कर रही हैं। कुछ सुराग मिले हैं

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंद्रा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 22 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

बुधनी में रामलीला के बाद रावण दहन, भजन संध्या ने बांधा समां

बुधनी। विजयादशमी पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा मैदान पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक लखन घनघोरिया ने रावण के पुतले का दहन किया। सात दिवसीय रामलीला में निषादराज गुह और केवट संवाद का मंचन हुआ। इसके बाद राम-रावण युद्ध और श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। आतिशबाजी के बाद रात 8:30 बजे भजन गायक गगनजीत सिंह सोढ़ी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

दीवड़िया में किशोरियों ने दिखाए तलवारबाजी और लाठी संचालन के करतब

दीवड़िया। विजयादशमी पर गांव में किशोरियों ने तलवारबाजी और लाठी संचालन के हैरतअंगेज करतब दिखाए। राम मंदिर चौराहे और दशहरा मैदान पर उनके प्रदर्शन को देखकर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन से गांव की बालिकाओं में आत्मरक्षा और साहसिकता का संदेश दिया गया। शस्त्र संचालन के प्रदर्शन के बाद जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से निकला। जगह-जगह स्वागत के बाद जुलूस दशहरा मैदान पहुंचा, जहां 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

खाईखेड़ा में नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

खाईखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के समापन पर गंगातलाब को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया। पुराने स्कूल के पास स्थित शिव मंदिर से प्रतिमा का जुलूस निकाला गया, जिसमें भक्त भजन गाते और नाचते हुए शामिल हुए। जुलूस गांव से होते हुए तालाब पहुंचा, जहां विधि-विधान से पूजन और आरती के बाद प्रतिमा विसर्जित की गई। विसर्जन व्यवस्था की जिम्मेदारी महेश सिसोदिया, सहित प्रजापति, योगेश साहू, कपिल गुर्जर और निश्चित सिसोदिया ने संभाली।

बिलकिसगंज में रानी काजल माता के दरबार में 20 श्रद्धालुओं ने किया तुलादान

बिलकिसगंज। शारदीय नवरात्रि की नवमी पर तालाब किनारे स्थित रानी काजल माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आदिवासी समाज की कुलदेवी के रूप में पूजित माता के दर्शन कर लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान करीब 20 श्रद्धालुओं ने तुलादान किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह दरबार लगभग 30 वर्षों से आस्था का केंद्र है। यहां अब तक करीब 400 गोद भराई के आयोजन हो चुके हैं। कालचक्र के गांधी से भी श्रद्धालु पहुंचे।

बिलकिसगंज के झागरिया में डीजे की धुन पर निकली मां काली की झांकी

बिलकिसगंज। झागरिया के भवानी चौक पर विराजित मां काली की झांकी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। पुरानी बस्ती से शुरू हुई झांकी गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरी। ढोल और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शामिल हुए। झांकी के समापन पर देर रात प्रतिमा विसर्जन की तैयारी की गई। इससे पहले विधि-विधान से आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई और प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

पुलिस पंचायत आष्टा में धूमधाम से मना दशहरा, रामलीला मैदान में हुआ राम-रावण युद्ध का मंचन

अलीपुर में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन, राम बारात का जगह-जगह स्वागत

डीआर संवाददाता>आष्टा।

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में विजयादशमी का पर्व उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा के अवसर पर रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। कलाकारों ने लक्ष्मण-मेघनाद, हनुमान-रावण और राम-रावण युद्ध के प्रसंगों का जीवंत चित्रण कर उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। इसके बाद नदी किनारे 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच भगवान श्रीराम के प्रतीकात्मक रूप से दहन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए और एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।





राम बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत

नगर से हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में जीरण मंदिर से प्रतीकात्मक राम बारात निकाली गई। औघड़ाश नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। रथ में भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान जी विराजमान रहे। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर राम बारात का स्वागत किया और भगवान की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।

राम बारात के दौरान समिति के कलाकार अजहर शाहपुर रंगकर, साहिल रंगपुरा उर्फ़ंत और कोरियोग्राफर नीरज ठाकुर का विशेष सम्मान श्री ओर से साफा पहनाकर और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने रास्ते में जगह-जगह आतिशबाजी की। बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष लगाए।

रामदास बाबा की समाधि पर विशेष पूजा

दशहरा पर्व के अवसर पर बैरागीदार बाबा की समाधि स्थल पर समिति की ओर से विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। कार्यक्रम में ढोल, नगाड़ों, तासों और मंजीरामय आर्केस्ट्रा ने धार्मिक वातावरण को और आकर्षक बनाया। बाहरी व्यवस्थाओं में समिति स्थल के कुर्सी की कुर्सियां से रावण में सजाया, ताकि श्रद्धालुओं को आकर्षण का केंद्र रहीं।

रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों के मंचन से भगवान श्रीराम के आदर्शों और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक गोपाल इंजीनियर, जिले योनी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन में सहयोग करने वालों और अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया।

अलीपुर में 51 फीट के रावण का दहन

अलीपुर में भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में शुक्रवार बाजार से शाम करीब चार बजे भव्य जुलूस शुरू हुआ, जो अलीपुर होते हुए रात लगभग साढ़े नौ बजे दशहरा मैदान पहुंचा। मैदान में भी पुतले की दोनों ओर बांस बल्लियों से सुरक्षा घेरा बनाया गया था। जुलूस में शामिल लोग 'जय श्रीराम' के जयघोष लगा रहे थे। इस दौरान थाना प्रभारी हेमराज मीणा, उपनिरीक्षक रामकिशोर यादव, सहायक उपनिरीक्षक भंवरलाल शर्मा सहित पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे।

मंदिरों में दर्शन और शस्त्र पूजन

दशहरे की सुबह शहीद हनुमान मंदिर में पूजन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया और बच्चों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। विजयादशमी के अवसर पर क्षत्रिय समाजसेवक संघ सहित विभिन्न संगठनों ने शस्त्र पूजन किया। इस दौरान तलवार, भाला और अन्य पारंपरिक शस्त्रों की पूजा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुए। शस्त्र पूजन के दौरान वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रघु. विजयी आतिशबाजी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया।

कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही। मुख्य आयोजन के स्थल पर पुलिस बल के जवान तैनात रहे। इसके अलावा शहर के संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस की गश्त बढ़ाई गई थी। थाना प्रभारी हेमराज मीणा ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

400 केवी आष्टा सबस्टेशन में चोरी नाकाम, तीन आरोपी पकड़े



डीआर संवाददाता>आष्टा

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 400 केवी सबस्टेशन आष्टा में चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। सबस्टेशन में तैनात सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए चोरी करने आए चार लोगों में से तीन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस कार्रवाई से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव को भी रोकने में मदद मिली।

पकड़े गए आरोपी चोरी करने में सफल हो जाते, तो सबस्टेशन से संचालित बिजली के सिस्टम के लिए रखे गए आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हो पाते। ऐसी स्थिति में किसी विद्युत आपूर्तिकर्ता के दौरान समय पर व्यवस्था बहाल करने में कठिनाई आ सकती थी और लंबे समय तक विद्युत व्यवधान की आशंका उत्पन्न हो सकती थी। आरोपियों को पकड़ने में अलर्ट सोर्स सुरक्षा कर्मी सतिश मालवीय ने सूझबूझ के साथ अहम भूमिका निभाई।

पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया, जिसकी गहरी छान-बीन पुलिस कर रही है। पुलिस ने की है और पकड़े गए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, फल और पनीर के नमूने लिए

डीआर संवाददाता>बुधनी

आम नागरिकों की सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री बालगुरु के. के. निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बैरवा ने आष्टा क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर फल एवं पनीर के नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान पुराना बस स्टैंड स्थित एसएस फ्रूट स्टॉल से पपीता एवं केला के नमूने लिए गए। इसके अलावा अन्नपूर्णा रोड स्थित भगवती पैलेस से पनीर का नमूना जांच के लिए एकत्रित किया गया। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

छावनी दशहरा उत्सव समिति ने किया आयोजनए भव्य राम बारात

डीआर संवाददाता>सीहोर।



पूर्वाह्न पर आकाशी और आसमान पर छाने की हिलते का प्रतीक विजयादशमी पर्व शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में काली सिंहार मैदान पर भव्य दशहरा उत्सव आयोजित हुआ। यहां रंग बीट से अधिक ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। भगवान श्रीराम के अभिनय में कलाकार ने धनुष-बाण चलाते ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रघु. विजयी आतिशबाजी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर मोहराड़ स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकालकर हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल स्थित मैदान पहुंचीए जहां श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इसके बाद रावण वहन और भगवान श्रीराम के शास्त्रार्थिक की रस्म सम्पन्न हुई।

आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा आशीर्वचनदाता के रूप में सम्मिलित हो। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अनिता गोयलए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस चटौल और समिति अध्यक्ष सामाजिक गतिविधि उपस्थित रहे।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने विजयादशमी को सत्य और धर्म की जीत का प्रतीक बताते हुए लोगों से सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजन के लिए समिति की सराहना की। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के सहयोग से शोभायात्रा भव्य दिखाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस चटौल और समिति अध्यक्ष सामाजिक गतिविधि उपस्थित रहे।

निर्माण श्रमिक संघ ने श्रमिकों को वितरित किए उपहार, योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने की उठाई मांग

डीआर संवाददाता>सीहोर



निर्माण श्रमिक संघ के कार्यालय में बुधवार को आरएई प्रतिनिधि के समीर सिंघा एक निधी ओंजोनी में श्रमिकों के लिए भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संघ के प्रतिष्ठ पदाधिकारी एवं ठेकेदार राजकुमार पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा की हवन-पूजन के साथ शुरुआत की गई। हवन पूजन करीब दो श्रद्धालुओं ने तुलादान किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह दरबार लगभग 30 वर्षों से आस्था का केंद्र है। यहां अब तक करीब 400 गोद भराई के आयोजन हो चुके हैं। कालचक्र के गांधी से भी श्रद्धालु पहुंचे।

रामलोहा सुरक्षा और सम्मान की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इंजीनियर मदन दीन साहाए प्रतिक पालावत तथा सरकार मंच की ओर से वनेन्द्र मलेवरी सहित अन्य अतिथियों ने श्रमिकों को सम्मानित किया। इस दौरान श्रमिकों के योगदान और निर्माण कार्यों में उनसे मुमिका पर चर्चा की गई। सालपुरान पुलिस ने श्रमिकों को उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रमिकों को उपहार से ज्यादा अधिक सम्मान मिलना चाहिए। गांव की सामग्री सुरक्षात्मक है व्यक्ति को उपलब्ध कर सकती है लेकिन वीमे-दीमे दुर्घटनी सिलना में आने पर जीवन पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ने लगता है।

छात्रसंघ चुनाव रू अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा भी बीता

डीआर संवाददाता>सीहोर।

सीहोर सहित प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को इस सत्र में भी निराशा हाथ लग सकती है। संस्थान में इस साल चुनाव कराने का दावा किया था और उच्च शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी में शुरू ही थी, लेकिन सिंहार में प्रस्तावित चुनाव अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक भी नहीं हो सके हैं।

अब मौजूदा सैशनिक सत्र में चुनाव होने की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। मुख्य कारण ये है कि सरकार परीक्षाओं का हवाला देकर चुनाव टाल रही है। प्रदेश में 2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपेंद्र ठाकुर का कहना है कि पहले भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे।

चुनाव नहीं होने से छात्र संगठनों में नाराजगी है। एनएसयूआई और एबीवीपी भी छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग में हैं। छात्र संगठनों का कहना है कि सभी राज्य से चुनाव नहीं होने से छात्रसंघ कॉलेजों में छात्र नेतृत्व और विद्यार्थियों की समस्याओं को उठाने वाला निर्वाचित प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ता है। छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया तय करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने छह सदस्यीय समिति गठित की थी। इसमें तीन जेडीसीओलॉजी के कुलसुरु सहित पांच शिक्षा संस्थानों के अधिकारी और कॉलेज प्राचार्य शामिल किए गए थे। समिति को चुनाव का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई थी, लेकिन अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक चुनाव कार्यक्रम को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया है।

स्वामित्व योजना स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन में तेजी लाएं, लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य - कलेक्टर श्री बालागुरु

स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन में तेजी लाएं, लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य - कलेक्टर श्री

डीआर संवाददाता>सीहोर।



कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने ग्रामीण क्षेत्रों का सघन कर स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए पटवारियों द्वारा जो जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पचना, ग्राम सारंगखेड़ी, ग्राम उमरिपुर सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा कि स्वामित्व अधिकार योजना शासन की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजना है। योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होने से संबंधित स्वामित्वधारियों के विभिन्न उपयोगों के लिए ऋण मिलेगा। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीयन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीयन कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी कठिनाई सामने आती है, तो उसका तत्काल निवारण किया जाए। यदि समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो, तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए, ताकि पंजीयन का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपनी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयी से पंजीयन का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। वे अपने क्षेत्र में पंजीयन की प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा जिन ग्रामों में कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी है, वहां विशेष ध्यान देकर कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गैरानी आने को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराते हुए पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व अधिकार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करने और स्वामित्वधारियों को उनके अधिकारों का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय के अनुरूप कार्य करते हुए पंजीयन की प्रगति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री तन्मय वर्मा भी उपस्थित थे।

मंडी भाव, श्यामपुर में सोयाबीन 7,205, शरबती गेहूं 7,100 तक

डीआर संवाददाता>सीहोर।

कृषि उपज मंडियों में 21 अक्टूबर को सोयाबीन, गेहूं, चना और लहसुन के भाव में उतारचढ़ाव हुआ। श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,205 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया, जबकि सामान्य गेहूं 2,725 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। सीहोर में शरबती गेहूं का भाव 7,100 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा।

श्यामपुर मंडी में पीली सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3,210 रुपए, अधिकतम 7,205 रुपए और मॉडल भाव 7,000 रुपए प्रति क्विंटल रहा। सफेद गेहूं का न्यूनतम भाव 2,572 और अधिकतम व मॉडल भाव 2,725 रुपए दर्ज किया गया। सीहोर पशु-सब्जी मंडी में प्याज और लहसुन की कुल 1,008 क्विंटल आवक हुई। इसमें प्याज 378 और लहसुन 720 क्विंटल शामिल है। प्याज का न्यूनतम भाव 1,700, अधिकतम 4,600 और मॉडल भाव 4,100 रुपए प्रति क्विंटल रहा। वहीं, लहसुन का न्यूनतम भाव 8,300, अधिकतम 16,300 और मॉडल भाव 9,300 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

किसानों को सलाह है कि उपज बेचने से पहले संबंधित मंडी में ताजा भाव और गुणवत्ता के अनुसार मिलने वाली कीमत की जानकारी जरूर लें।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष-12 -2083 विदिशा,गुरूवार,दिनांक, 15 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

दुर्गानगर मंदिर में 24 को होगा नगर भंडारा

विदिशा। शहर के दुर्गा नगर स्थित दुर्गा जी मंदिर में 24 अक्टूबर को नगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। मंदिर के महंत योगेश्वरदास बसुतोरी ने बताया कि आयोजन में नगरवासियों के सम्मिलित होने के लिए विशेष आग्रह किया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से भंडारे में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने और आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है। भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इस अवसर पर मां दुर्गा के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे।

मप्र लेखक संघ की जिला इकाई का पुनर्गठन हुआ

, विदिशा। मप्र लेखक संघ जिला शाखा विदिशा की बैठक आशुतोष कॉलोनी में उपाध्यक्ष नंदकिशोर तिवारी के निवास पर हुई। इसमें जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए गोविंद देवलिया और विजय चतुर्वेदी को संरक्षक, नंदकिशोर तिवारी और शिवकुमार तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष डॉ. पल्लवनाद मिश्र ने हरगोविंद पैगेवार को सचिव और संतोष नामदेव को कोषाध्यक्ष बनाया। बैठक में 7 आजीवन और एक वार्षिक सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान को गति दी गई। वार्षिक शुल्क 200 आजीवन सदस्यता शुल्क 2 हजार है।

रावण दहन के साथ माता की प्रतिमाएं विसर्जित हुई

कुरवाई। दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शारदीय नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नौ दिनों तक नगर में भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान आरती, भजन-कीर्तन, महाआरती, कन्या भोज और नवरात्र मंडारे आयोजित किए गए। प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बेतवा नदी घुल घाट ले जाया गया, जहां देर रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पंचिका ने घाट पर रोशनी और हाइड्रा की व्यवस्था की। इस दौरान एसडीएम गोपीलाल अहिरवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

ग्यारसपुर में 30 फीट के रावण का दहन हुआ

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर में दशहरा पर्व उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। शहरीय मैदान में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन हुआ, जिसमें राम दरबार, रावण दरबार और राम-रावण युद्ध की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रात करीब 11 बजे आतशबाजी प्रतियोगिता के साथ गढ़ा चल समारोह निकाला गया।

मंगलवार रात मेडिकल कॉलेज की पीछे वाली सड़क पर हुआ हादसा

दो बुलेट आपस में टकराई, एक की मौत दूसरा भोपाल रेफर, तीसरे का उपजार





विदिशा संवाददाता ▪▪ विदिशा।

मेडिकल कॉलेज के पीछे बायपास रोड पर गंजबासौदा रोड की बुलेट बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक घायल हुए थे। इनमें ढोकलेश्वर निवासी शिवांश अग्रवाल की भोपाल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं सूरज रघुवंशी और विशाल सिलावट का इलाज जारी है। हादसे में शिवांश अग्रवाल और सूरज रघुवंशी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

दोनों को भोपाल रेफर किया गया था। भोपाल पहुंचने से पहले ही शिवांश ने दम तोड़ दिया। सूरज का भोपाल में इलाज चल रहा है, जबकि तीसरे घायल विशाल सिलावट का भी इलाज जारी है। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बुलेट बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। शिवांश अग्रवाल ढोकलेश्वर निवासी अमित अग्रवाल का छोटा बेटा था। उसका परिवार ज्वैलरी का व्यवसाय करता है। शिवांश की मौत से परिवार और परिचितों में शोक है। कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे की वजहों का पता लगा रही है। वहीं ग्यारसपुर नेशनल हाईवे पर दो सहज हादसे हुए। पहले हादसे में पिता पुत्र और बेटी गंभीर घायल हुआ है। दूसरे दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

चक्करघाटी के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र और बेटी घायल

हादसे के बाद एम्बुलेंस से तीनों को गंजबासौदा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पहुंचाया, जहां वाहन की तलाश में जुटी पुलिस ग्यारसपुर। नेशनल हाईवे-146 पर विदिशा ग्यारसपुर के बीच चक्करघाटी मोड़ के पास कुरवाई कुंवर तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पिता, पुत्र और बेटी शामिल हैं। तीनों को 112 एंबुलेंस की मदद से विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार घायल ग्राम बघराज मठोली के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी के निवासी हैं। कुवंर सुखदेव कनेरा (55) अपनी बेटी लक्ष्मी कुशवाह (17) और बेटे कैलाश कुशवाह (14) के साथ मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में विदिशा आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-146 पर चक्करघाटी के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क हादसे का शिकार होकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस की ईएमटी सोहन अहिरवार और पायलट प्रवीण मीणे मौके पर पहुंचे। वे घायलों को एम्बुलेंस से ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीओपी मोहन अहिरवार और थानाप्रभारी ग्यारसपुर रामकुमार लोधी मौके पर पहुंचे। वे घायल को एम्बुलेंस से ग्यारसपुर ले गए। इसके बाद उन्होंने परिजनों को शव सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सौंप दिया। घायल पिता ने पुलिस को बताया कि हादसे में क्षतिग्रस्त अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

कन्या भोज के दौरान दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तलवार कुल्हाड़ी और डंडों से हमला



विदिशा संवाददाता ▪▪ लटेरी

रात लालुआ में हनुमान मंदिर के पास कन्या भोज के दौरान घोड़ला को दो पक्षों में विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोढा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें विदिशा रेफर किया गया।

सामने से रोशन सिंह राजपूत ने लोढा थाने में लिखायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मारपीट की विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर चढ़ाने से दोनों पैरों में आई चोट से शिकायत के अनुसार, विवाद के दौरान सहदेव और सुनील भी पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने शिवु उर्फ लड्डो के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर डंडे से हमला किया गया। इससे विजय सिंह के कंधे और सिर में चोट आई। प्रेम सिंह पर तलवार से हमला कर रोशन सिंह को घायल करने का आरोप है। इसी दौरान भागते समय शिवकुमार गिर गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इंजीकल सिंह ने ट्रैक्टर उसके पैरों पर चढ़ा दिया। इससे दोनों पैरों में चोटें आई। बीच-बचाव करने पहुंची प्रीतीबाई के साथ भी गालीगलौच किए जाने की शिकायत है। फरियादी ने बताया कि घटना के दौरान सुरेंद्र कुर्मी, राजा राजपूत और राजकुमार कुर्मी मौजूद थे। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। लटेरवंडई की मांग की गई है।

गाली देने से मना किया तो शुरू कर दी मारपीट

रोशन सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को शाम 4से6 से 5 बजे वह हनुमान मंदिर के पास कन्या भोज करा रहे थे। वीर सिंह, प्रेम सिंह और तोरथ सिंह वहां पहुंचे। ये गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर डंडे से हमला किया गया। इससे विजय सिंह के कंधे और सिर में चोट आई। प्रेम सिंह पर तलवार से हमला कर रोशन सिंह को घायल करने का आरोप है।

नवोदय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



विजया संवाददाता ▪▪ रामगढ़ाद।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रामगढ़ाद में दशहरा पर्व भक्तिमय, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपार उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक रामलीला का मंचन कर भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का संदेश दिया।

आयोजन के दौरान उपप्राचार्य एनसी मिश्रा ने बच्चियम गतिविधियों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिपूर्ण बना दिया। वहीं वरिष्ठ शिक्षक पीसी रौहान ने सत्यनिष्ठा कथिता पाठ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सत्य और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। साथ ही अपने भीतर के अहंकार, क्रोध और नकारात्मक प्रवृत्तियों को समाप्त कर आत्मचिंतन करने का आग्रह किया। समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम कुंवर सिंह धाकड़, कार्यक्रम अधिकारी कुंवर सिंह धाकड़, कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ डॉ. अनुषी धाकड़ ने किया। इस गरिमामय आयोजन में विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति से जुड़ने और श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

नीमताल से माधवगंज तक निकाली वाहन रैली ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

वोट चोरी और लोकतंत्र की हत्या के लगाए आरोप, पुलिस ने पुतला छीनने का किया प्रयास

विजया संवाददाता ▪▪ विदिशा।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर एवं ग्रामीण में कुंवार को विरोध प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा नीमताल से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकाली, जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई माधवगंज चौराहे पहुंची।

यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला वहन कर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जताया। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने अभियान चलाकर पुतला छीनने का प्रयास किया। इसी दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई।

प्रदर्शन में प्रवीण बघेला, नीटू सिंह राजपूत, सुनील देवलिया, सतीश पैगवार, कुलदीप वर्मा, संगीत चंद्रवंशकर, राजकुमार पाठी, संजय यादव, मनोज खुशवाह, डॉ. नितिन मिश्रा, सुनील शर्मा, जावेद मंसूरी, अशोक अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अफजल के बयान से पूरी भाजपा सरकार खड़ी नजर आती है जिला कांग्रेस अध्यक्ष सोहित रघुवंशी ने चुनाव आयोग और केंद्र की भाजपा सरकार के कथित संबंधों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के बयान में पूरी भाजपा सरकार खड़ी नजर आती है। नगर सांसद अध्यक्ष हरि साहू ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। यदि उसकी कार्यशैली पर जनता के मन में संदेह पैदा होता है, तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। वरिष्ठ नेता महेंद्र वर्मा ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पूरी होने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

बायपास पर दो बुलेट बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक युवक की मौत,



विजया संवाददाता ▪▪विदिशा

विदिशा से गंजबासौदा कॉलेज के पीछे बायपास रोड पर मंगलवार रात दो बुलेट बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सांची थाना निवासी शिवांश अग्रवाल (बिजली व्यवसायी अनिल अग्रवाल के छोटे बेटे) और सूरज रघुवंशी को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान शिवांश ने दम तोड़ दिया। वहीं, सूरज रघुवंशी और तीसरे घायल विशाल सिलावट का इलाज जारी है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कोतवाली पुलिस ने एफ आईआर दर्ज कर दोनों को जांच शुरू कर दी है। इस अकस्मिक दुर्घटना से मृतक के परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है।

सुरक्षा ताक पर रखकर 50 फीटऊंचे टीन शेड पर चढ़े बच्चे, झांकी देखने के दौरान जोखिम

विजया संवाददाता ▪▪ विदिशा

पुरानी गल्ला मंडी स्थित 40 से 50 फीट ऊंचे वेयरहाउस के टीनशेड बच्चों के लिए खतरे खबर बन गए हैं। बुधवार दोपहर मंडी परिसर से निकली झांकी को देखने के लिए कई बच्चे मेडीकल रोड पर वेयरहाउस की छत पर चढ़ गए। इनमें कई बच्चे बिना किसी सुरक्षा उपकरण के टीनशेड पर खड़े थे। इस दौरान उनके पैर फिसलने से बड़ा हादसा हो सकता है।

तत्कालीन 50 फीट की ऊंचाई पर छत की पतली मुंडेर के किनारे खड़े होकर बच्चे वीडियो बना रहे थे। नीचे मौजूद लोगों ने चिल्लाकर उन्हें नीचे उतरने को कहा, लेकिन बच्चों ने अनसुना कर दिया। इसी आंशिक उंचाई पर बच्चों को जानकारी पहुंच ने सुरक्षा व्यवस्था और वेयरहाउस संचालकों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजा रघुवंशी पटेरिया इंजीनियर या लिंगपानी नहीं की नहीं, तो सतुलन बिगड़ने से बड़ा हादसा हो सकता है।

सरियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा, दबने से युवक की मौत

विजया संवाददाता ▪▪विदिशा।



विदिशा के करैयाखेड़ा रोड बायपास पर सड़क के डिवाइडर से गया लोडिंग ऑटो पलटने से एक युवक की मौत हो गई। लदने से सरियों के नीचे दबकर युवक घायल हो गया था। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

सरियों के नीचे दबने से हुआ घायल

मिलाई निवासी महेश अहिरवार मकान के लिए सरिए लेने पीतमनील गया था। वहां से वह सरिए लेकर रामरिया लौट रहा था। इसी दौरान करैयाखेड़ा रोड बायपास पर उसका लोडिंग ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। ऑटो में रखे सरियों के नीचे दबने से वहीं घायल हो गया। महेश के साई चालक सिंह भी उसके साथ थे। हादसे के बाद एक जीप चालक घायल महेश को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। महेश शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। वह सभी पेंटर परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया।

सम्मान किया

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में वीर जवानों का किया स्मरण

पुलिस स्मृति दिवस पर 154 शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को शाल-श्रीफल से किया सम्मानित

विजया संवाददाता ▪▪ विदिशा।



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रमस्थल के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नमन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इनमें मध्यप्रदेश से 9 और अन्य राज्यों के 145 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

नामों के वाचन के बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में तिय अध्यक्ष गीता वैष्णव, रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका प्रीति राकेश शर्मा, बीएमओ हेमंत यादव, एएसपीएस मनीष जैन, एएसपी सोनिया तिवारी, सीएसपी अतुल कुमार सिंह, मौजूद रहे।

इसलिए मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सशस्त्र टुकड़ी के हमले में 10 भारतीय पुलिस जवान शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस देश की सुरक्षा और कानून के लिए अपने प्राणों की पुलिसकर्मियों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है।

577 ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन अभियान शुरू

31 दिसंबर तक पात्र नागरिकों को बीमा और पेंशन योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य,

विजया संवाददाता ▪▪विदिशा।

जिले में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का शुभारंभ कलेक्टर अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अभियान के तहत 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है।

शुभारंभ डिवीजन में जनशिक्षण निदेशक सुनंदा लाल मुख्य अतिथि रहीं। एसबीआई भोपाल सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक प्रवाश कुमार मुखर्जी सहित विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहे।

जन-धन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

डिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और जन-धन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों के बीमा और पेंशन संबंधी फॉर्म मौके पर भरवाए गए। साथ ही बैंकिंग संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।

अधिकारियों ने साइबर धोखाधड़ी से बचने, पी-केवाईसी कराने, बचत करने और बजट प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया। अग्रणी जिला प्रबंधक वीएस पोपेल ने बताया कि सभी 577 ग्राम पंचायतों को समूहों में बांटकर पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के जरिए बामीण और सूरक्षित क्षेत्रों के पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभदिलाने पर जोर रहेगा।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

आश्विन शुक्ल पक्ष–12 –2083

राजगढ,दिन गुरुवार,दिनांक 22अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

पीड़ितों की रजिस्ट्री कराकर भूस्वामी ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का केस

ब्यावरा। बालूपुरपुरा रोड स्थित वीर अंजनीलाल कॉलोनी में प्लाट खरीदने वाले लोगों को 6 लाख रुपए का चूना लगाकर लेआउट प्रभोद पुरोहित गायब हो गया। जयहिन्द मालिक मनीष शर्मा (निवासी उदयोग) ने कॉलोनी विकसित करने की जिम्मेदारी प्रभोद को सौंपी थी, जो प्लाट बेचकर राशि समेट कर फरार हो गया था। पीड़ितों के इंसाफ और थाने में आवेदन के बाद, भूस्वामी मनीष शर्मा ने पुराने लेआउट के जरिए सभी भूखंड खरीदार पीड़ितों की रजिस्ट्री कराई। सब ही मुख्य आरोपी लेआउटर प्रभोद पुरोहित के खिलाफ सिटी थाने में 6 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच में आरोपी के राजस्थान और अन्यत्रवती (मध्यप्रदेश) में दो ठिकाने सामने आए है, जिनकी तलाश की जा रही है।

सड़क हादसे में घायल हुई महिला की मौत

राजगढ़। सुतलिया थाना क्षेत्र में गलतवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल 60 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महबूबनगर के नरसिंहपुर वाला क्षेत्र निवासी गौरव बाई पत्नी बदीलाल वर्मा सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। उन्हें पहले प्राथमिक अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कुरावर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व रामलीला मंचन और आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

कुरावर। नगर में विजयादशमी का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। खेड़खरि हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम और रामदल की भव्य झांकी के साथ रावण व राक्षसों की सेना का रथ ढोल-पगकों के साथ नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुँचा। यहाँ संध्याम रामायण की उन्न पर हुए रामलीला मंचन और कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने 10 हजार से अधिक लोग मौजूद रहे। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि भगवान श्रीराम द्वारा बाण चलाते ही रावण का पुतला धू–धू कर जल उठा। आयनीक आतिशबाजी और रंगन श्रीरामल से जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। इस दौरान नगरक तहसीलदार, पुलिस बल और नगर परिषद के अधिकारी व्यवस्थाओं को संभालने में मुस्तैद रहे। दहन के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दीं।

असत्य पर सत्य का विजय का प्रतीक विजयादशमी मनाया गया

पुराने दशहरा मैदान के संरक्षण के लिए मंत्री ने की 30 लाख देने की घोषणा

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

अश्वनी पर सर्म, असाढ़ पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व शेजवर में अपार श्रद्धा, भक्ति और अपार उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार को नगर में सैनम के बजाए सिंजाज और हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी देखने को नहीं मिली। इस अवसर पर सारंगपुर नगर में दो अलग–अलग स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में जगलीलाल एकत्र एका। भव्य पल सन्नाटोह, पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन और नगनभेदी आतिशबाजी ने पूरे माहौल को रामयय बना दिया।

नए व पुराने दशहरा मैदान में हुआ पुतला दहन

सारंगपुर में बना स्टैंक दिवस पर दशहरा मैदान में 65 फीट ऊंचे रावण का विशाल पुतला दहन किया गया, जबकि पुराने दशहरा मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन सम्पन्न हुआ। पीरो ही श्रीराम के बाण से रावण के पुतलों में अग्नि प्रज्वलित हुई, वैसे ही पूरा मैदान रक्ष श्रीरामाज के अयुक्त गजाए देखने को मिला।



पुराने दशहरा मैदान के कायाकल्प के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यमंत्री हॉ. गौतम टेटवाल ने पुराने दशहरा मैदान की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्ता को महोनजे ले लिए 30 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मैदान हजारों सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है और इसके संरक्षण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नही नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पगवेदार ने भी इस मैदान के सर्वांगीण विकास और संरक्षण कार्य में सदा जी और से इसलिय सहयोग का भरोसा दिया।

अंबे माता मंदिर से निकला भव्य चल समारोह

हिंदू सरक्षा समिति के तत्वाधान में शाम 4 बजे पटखाड़ी चिंकट अंबे माता मंदिर से जि–जिबन से पुला–अर्चना एवं महाआरती के बाद भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ। सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और वनवासु हनुमान–सेना विराजित थे। ढोल–ताशों और डीजे की धुनों पर पुरा झूमते नजर आए। चल समारोह के प्रमुख आकर्षण रहे पारंपरिक अखाड़ों के पहलवानों ने तलवारबाजी, लाठी–भाटी और हैदराबाद कलाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। यह चल कारवां पूरे नगर के पुराने मार्गों से गुजरते हुए दशहरा मैदान पहुंचा, जहां लगभग–लगभग पुरुषवर्ग इस ऐतिहास स्वागत किया गया।

कुरावर में रामलीला समापन के साथ हुआ रावण दहन

इसी क्रम में नगर परिषद कुरावर एवं हिंदू उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में बरेला स्थित दहन स्थल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण दहन से पूर्व आकर्षक रामलीला का समापन हुआ, जिसमें कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का रोचक मंचन किया। इसके पश्चात आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया।

आयोजन के दौरान एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी महेश सुनेरिया, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, जनप्रतिनिधि, समिति के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

राम सवारी पहुंचने से पहले ही जल गया 51 फीट का रावण, बाद में आनन–फानन में खड़ा किया दूसरा पुतला

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर

नगर के दशहरा मैदान में विजयादशमी के पावन पर्व पर नगर परिषद की बड़ी लापरवाही सामने आई। परंपरा के अनुसार रामलीला परिसर से भगवान राम की भव्य सवारी का दशहरा मैदान पहुँचना तय था, जहाँ भगवान के हाथों रावण दहन होना था। लेकिन, राम सवारी के पहुँचने से ठीक पहले ही 51 फीट का विशाल रावण धू–धू कर जल उठा, जिससे मैदान में अफरा–तफरी मच गई।



चिंगारी से राख हुआ लाखों का पुतला

चर्चा के अनुसार, नगर परिषद द्वारा आतिशबाजी की व्यवस्था रावण के बेहद नजदीक कर दी गई थी। आरोप लगाई जा रही है कि इसी से उठी एक चिंगारी से पूरे पुतले को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद हजारों की भीड़ जो इस ऐतिहासिक पल को मोबाइल में कैद करने आई थी, मायूस हो गई। इस घटना ने नगर परिषद की सुरक्षा व्यवस्था और फायर सेफ्टी के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। लोगों में सवाल यही कि समय रहते सुरक्षा नहीं होगी तो क्या होगा।

दिग्गज भी नहीं रोक सके

वर पुरुषा डीजर्ट जयो नहीं किया गया।

आनन–फानन में दूसरा पुतला तैयार कर कराया दहन

चारों तरफ किंकिर्तव्यविमूढ़ होने के बाद जागी नगर परिषद ने तत्परता दिखाते हुए फटेसर, कपड़े और घास–फूस की मदद से आनन–फानन में दूसरा रावण का पुतला तैयार किया। इसके बाद जैसे ही भगवान राम की सवारी नय पर पहुँची, निर्धारित परंपरा के अनुसार रावण का वध किया गया। रात करीब पौने आठ बजे हुए इस सार्वजनिक दहन के बाद ज्ञात श्रीरामल के जयकारों से परिसर गूंज उठा, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई।

पुलिस शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, परिजनों का किया गया सम्मान

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस पर वर्तमान और पद्म पर ग्राम पोलभवन करने वाले अमर शहीदों को पूरे सम्मान के साथ याद किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। सर्वप्रथम में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा और कलेक्टर डॉ. निर्पेत मिश्रा उपस्थित रहे। शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मंत्री श्री आंतरिक सुरक्षा और कानून–व्यवस्था के लिए उपस्थित बलिदान देने वाले जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का यह त्याग पूलिस बल और पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कलेक्टर परेड का नेतृत्व रहीत निरीक्षक लक्ष्मिका चौहान ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी–कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

ट्रक–कंटेनर चालकों पर गैर इरादतन हत्या का केसरूओवरटेक की होड़ में गई थी दो लोगों की जान, 5

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर–पुना रोड पर सेमरी गांव के पास 19 अक्टूबर की रात करीब 12:00 बजे सडक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक और कंटेनर चालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। दोनों चालक हादसे के बाद से फरार हैं।



आगे निकलने की होड़ में हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार, तेजी गति के चलते ट्रक और कंटेनर के चालक एक–दूसरे से आगे निकलने की होड़ में तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार और अन्य लोग उनकी चपेट में आ गए। हादसे में सेमरी निवासी दीपू आदिवासी और राजा आदिवासी की मौत हो गई।

पांच लोग घायल, चालकों की तलाश जारी

हादसे में घायल तिले के छपरई निवासी परमलाल अहिरवार और उनकी पत्नी भीकाई घायल हुए। इसके अलावा गुना जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के विन्देर, मरत और मुकेश सपेरा भी घायल हुए हैं।

छावेरा थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने बताया कि परिजनों के बयान और जांच के बाद दोनों वाहन चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटरयान अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक और कंटेनर जब्त कर लिए हैं। फरार चालकों की तलाश की जा रही है।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत, बेटी गंभीर

डीआर संवाददाता ✍ भागटखेड़िया

सुतलिया थाना क्षेत्र के गोलपुरा–बेरछ मार्ग पर एक तेज रफ्तार आहत ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार नसरीपुर निवासी बद्रीलाल अहिरवार (58) बाल–बाल बच गए, जबकि उनकी पत्नी लीलाबाई (50) और बेटी रीना देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। राजगढ़ जिले के दीलोद गांव में दशहरे की रात 26 साल के युवक ने जहर खा लिया। युवक का पास जीतनपुर में है। वह गांव के बाहर बंसुरा मिल रोड़िनों में एक रात करीब 9:00 बजे सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन देर रात तक उसे होश नहीं आया। डॉक्टरों ने उसकी हालत देखकर उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी है।

युवक ने बीटनाशक पीया

भास्कर। राहगीरों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल भागता पहुँचाया गया, जहाँ हालांकि डॉक्टर लेकर गीजे से फरार हो गया। राजगढ़ जिले के दीलोद गांव में दशहरे की रात 26 साल के युवक ने जहर खा लिया। युवक का पास जीतनपुर में है। वह गांव के बाहर बंसुरा मिल रोड़िनों में एक रात करीब 9:00 बजे सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन देर रात तक उसे होश नहीं आया। डॉक्टरों ने उसकी हालत देखकर उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी है।

युवक ने बीटनाशक पीया

भास्कर। राहगीरों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल भागता पहुँचाया गया, जहाँ हालांकि डॉक्टर लेकर गीजे से फरार हो गया। राजगढ़ जिले के दीलोद गांव में दशहरे की रात 26 साल के युवक ने जहर खा लिया। युवक का पास जीतनपुर में है। वह गांव के बाहर बंसुरा मिल रोड़िनों में एक रात करीब 9:00 बजे सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन देर रात तक उसे होश नहीं आया। डॉक्टरों ने उसकी हालत देखकर उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी है।

हाईवे पर अंधेरा, 80 पोल में से 35–40 की लाइटें बंद

डीआर संवाददाता ✍ तलेन

तलेहारी सेंजन में बाजार से और प्रमुख मार्ग पर रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के दावों के बीच तलेन के मुख्य मार्ग पर अंधेरा पसरा रहा। हाईवे–762सी पर नवमी और विजयादशमी के दौरान भी स्ट्रीट लाइटें बंद रहीं। इससे रात में आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हुई। यात्रा करना कठिन रहा। हैरानी यह है कि मार्ग की लाइटों के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संभाल रही निर्माण कंपनी और नगर परिषद, दोनों ही व्यवस्था सुधारने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

नगर से गुजरने वाले हाईवे पर बनीसी ग्राम जोड़ से नायली मंदिर तक दोनों ओर करीब 80 पोल पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। इनमें से 35 से 40 लाइटें कमोबेश दिनों में भी बंद रहती हैं। तलेहारी सेंजन में सिंगोद और खरक हो गई, जब सभी पोलों की लाइटें बंद होने की शिकायत खरगने लगी। कई महीनों पहले ग्रामीणों ने लिखित में भी अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

लाइटें बंद रहने से लोगों को असुविधा होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

कृषि उपज मंडी में बड़ा फर्जीवाड़ा, एसडीएम ने शुरू की जांच

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर

खिलचीपुर कृषि उपज मंडी समिति की एक सचिव की पुकार को किनारे पर देने के बाद कथित तौर पर करीब 19 लाख रुपए में उसका सौदा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले ने खिलचीपुर मिलने के बाद मंडी प्रशासक एवं खिलचीपुर एसडीएम न लाख शुरू कर दी है। यह पूरा प्रकरण प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि मंडी की पुकार्न जिसे सचिव ने होकर दायित्वों के अधीन हो है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार और अन्य लोग उनकी चोट में आ गए। हादसे में सेमरी निवासी दीपू आदिवासी और राजा आदिवासी की मौत हो गई।

पांच लोग घायल, चालकों की तलाश जारी

हादसे में घायल तिले के छपरई निवासी परमलाल अहिरवार और उनकी पत्नी भीकाई घायल हुए। इसके अलावा गुना जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के विन्देर, मरत और मुकेश सपेरा भी घायल हुए हैं।

छावेरा थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने बताया कि परिजनों के बयान और जांच के बाद दोनों वाहन चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटरयान अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक और कंटेनर जब्त कर लिए हैं। फरार चालकों की तलाश की जा रही है।

प्रशासन की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए खिलचीपुर एसडीएम एवं मंडी प्रशासक ज्योति राजोरे ने कहा है कि शिकायत सामने में आते ही इसकी जानकारीन जांच शुरू करवा दी गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर नियमों के मुताबिक उन्हीं कार्रवाई की जाएगी। इस खुलासे के बाद मंडी प्रांगण की व्यवस्थाओं पर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं।

पथ संचालन

स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया

जीरापुर और खुजनेर में विजयादशमी पर निकला पथ का विशाल पथ संचलन, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंगढ़।

विजयादशमी के पावन अवसर पर जीरापुर और खुजनेर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आ) द्वारा भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। पूर्व नगरीय में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। संचलन के दौरान जगह–जगह सामाजिक, धार्मिक व सेवाभावी संस्थाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया।



का मिला मार्गदर्शन

जीरापुर में पथ संचलन का शुभारंभ स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड से हुआ। वहाँ से स्वयंसेवक अनुशासित घोष के इंदर घौराहा, बस स्टैंड, भवसार मोहल्ला, घंटाघर बाजार, कुम्हारिया बाजार, खाचरौद नाका, मेहतोना कॉलोनी और खिलचीपुर नाका होते हुए पुनः स्टेडियम ग्राउंड पहुँचे। संचलन मार्ग में मुख्य रूप से नगर संघ चालक प्रांत के सह–बौद्धिक प्रमुख इन्दौर शिव परमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के ध्येय, शिक्षा, सेवा और कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

खुजनेर रास्त्र पूजन के बाद संचलन, समरसता का दिया संदेश

खुजनेर में पथ संचलन से पूर्व शस्त्रपूजन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पारंपरिक शस्त्र पूजन किया। इसके पश्चात संचलन शिवजी मार्केट, न्यू बस स्टैंड, राजगढ़ चौराहा और कुलीपुरा मोहल्ला होते हुए निकला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं क्षेत्रीय समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण पीसाने ने अपने उद्बोधन में कहा कि ‘समाज की पतन तैयर पर से उठना हम सभी का राष्ट्र धर्म है।’ उन्होंने समाज से जाति–पाति का भेद मिटाकर सामूहिक रामसत्ता, छुआछूत प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सदेशी आचरण को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

अशोकनगर में युवक की संदिग्ध हालत में मौत, घर से कुछ दूर मिला शव,

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर की बुद्ध विहार कॉलोनी में सोमवार रात 25 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित एक स्कूल के पास पड़ा हुआ मिला था। मृतक की पहचान सौरभ पुत्र महेश अहिरवार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को सूचना देकर शव को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शरीर पर मिले खरोंच और पिसाटने के निशान



घटना के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे सौरभ घर से निकला था, जिसके कुछ देर बाद उसका शव मुख्य सड़क से अंदर स्थित एक स्कूल के पास संदिग्ध हालत में मिला। मृतक के चेहरे, छाती, हाथ और पैरों पर गहरे खरोंच तथा पिसाटने जैसे निशान पाए गए हैं, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालाँकि, घटना का कोई भी प्रत्यक्षदर्शी सामने न आने के कारण मौत की वास्तविक वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

परिजनों ने जताया हत्या या साजिश का संदेह

सूचनाओं में इस घटना को सड़क हादसे से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन परिजनों ने हादसे की बात पर गहरा संदेह जताया है। परिजनों का कहना है कि सौरभ को बाइक चलाना नहीं आता था और वह घर से कोई वाहन लेकर भी नहीं निकला था। ऐसे में उसकी संदिग्ध मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर परिवार ने निष्पक्ष जाँच की माँग की है। इधर, सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की गंभीरता से जाँच शुरू कर दी है।